AMARJYOTI SARASWATI INTERNATIONAL SCHOOL

1st Preliminary Exam

Date :- 23–9–2021 Hindi Std :- X

==========================================================

Maximum Marks 40

Time allwed : One and a half hours

(Candidates are allowed additional 15 miniutes for only reading the paper.)

ALL QUESTUION ARE COMPULSORY

The marks inrended for questions are give in brackets ( )

विभाग 'अ' (20 Marks)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (10)

मित्र भाई के समान होना चाहिए जिसे हम अपना प्रीति-पात्र बना सकें। हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए। ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि-लाभ सो दूसरा अपना हानि-लाभ समझे। मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दो मित्र एक ही प्रकार के कार्य करते हो या एक ही रूचि के हो। प्रकृति और आचरण की समानता भी वांछनीय नहीं है। दो भिन्न प्रकृति के मनुष्यों में बराबर प्रीति और मित्रता रही है। राम धीर और शांत प्रकृति के थे लक्ष्मण अधईर और उग्र स्वभाव के थे, पर दोनों भाइयों में अत्यंत प्रगाढ़ स्नेह था। उन दोनो की मित्रता खूब निभी। यह कोई बात नहीं है कि एक ही स्वभाव और रूचि के लोगों में ही मित्रता हो सकती है। समाज में विभिन्नता देखकर लोग एख दूसरे की ओर - आकर्षित होते हैं। जो गुण हममें नहीं हम चाहते हैं कि कोई ऐसा मित्र मिले, जिसमें वे गुण हों। चिंताशील मनुष्य प्रफुल्लित चित्त का साथ ढूंढ़ता है, निर्बल बली का और चोर उत्साही का। उच्च आकांक्षा वाला चंद्रगुप्त युक्ति और उपाय के लिए चाणक्य का मुँह ताकता था नीति विशारद अकबर मन बहलाने के लिए बीरबल की ओर देखते थे।

प्रश्नो

(1) मित्र होना चाहिए -

(अ) माँ के समान (ब) भाई के समान

(स) पिता के समान
(द) गुरु के समान

(2) दो मित्रों के बीच होनी चाहिए -
(अ) अपनापन
(ब) विनम्रता
(स) सहानुभूति
(द) प्रीति

(3) मित्रता संभव है -
(अ) दो समान प्रकृति वालों में
(ब) दो भिन्न प्रकृति वालो में
(स) शांत एंव उग्र प्रकृति वालों में
(द) उपर्युक्त सभी

(4) चिंता शील मनुष्य मित्रता चाहता है -
(अ) प्रफुल्लित चित्त व्यक्ति से
(ब) साहसी व्यक्ति
(स) धीर व्यक्ति से
(द) उत्साही व्यक्ति से

(5) अकबर के दरबार में बीरबल का कार्य था -
(अ) सलाह देना
(ब) समस्या को सुलझाना
(स) चुगली करना
(द) मनोरंजन करना

(6) 'मुहँ ताकना' मुहावरे का क्या अर्थ है -
(अ) मुँह की ओर देखना
(ब) सहायता की अपेक्षा करना
(स) समझ में न आना
(द) हैरान रह जाना

(7) 'आवश्यक' शब्द का पर्यायवाची नही है-
(अ) अनिवार्य
(ब) जरूरी
(स) आवश्यकता
(द) काम न चल सके

(8) 'आकांक्षा' का विलोम लिखिए -
(अ) अनाकांक्षा
(ब) आकांक्षित
(स) ऐच्छिक
(द) अपेक्षा

(9) मित्र क्यों होना चाहिए -
(अ) मित्र सुख का साथी होता है।
(ब) मित्र हमारी प्रशंसा करें ।
(स) मित्रता में संदेह का स्थान होता है ।
(द) मित्र सुख-दुख का साथी होता है, गलत काम करने से रोकता है ।

(10) चंद्रगुप्त और चाणक्य कौन थे ?

(अ) चंद्रगुप्त और चाणक्य मित्र

(ब) चंद्रगुप्त और चाणक्य दुश्मन

(स) चँद्रगुप्त और चाणक्य फौजी

(द) चंद्रगुप्त सम्राट और चाण्य उनके गुरु

**प्रश्न.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (10)

(1) विशेषण बनाइए -

'चमक' का विशेषण बनाईए-

(अ) चमकदार (ब) चमकीला (स) चमकहीन (द) चमकिल

(2) विलोम शब्द लिखे -

'सक्षम' का विलोम बताइए-

(अ) अक्षम (ब) अक्षत (स) अक्षिम (द) अक्षाम

(3) शब्दों को शुद्ध कीजिए -

'उत्तीरन' शुद्ध करे -

(अ) उतरन (ब) उतारन (स) उत्तीर्ण (द) उतरान

(4) भाववचक संज्ञा बनाइए-

'सेवक' का भाववाचक संज्ञा बनाइए -

(अ) सेविका (ब) सेवकाई (स) सेवा (द) सेवका

(5) पर्यायवाची बताईए - 'उत्कृष्ट' का पर्यायवाची बताइए ।

(अ) उत्तम-श्रेष्ठ (ब) उत्साह-साहस

(स) समय-युग (द) बहुत कष्ट होना

(6) मुहावरे का अर्थ बताइए-

'नानी याद आना' अर्थ बताइए -

(अ) खुश होना (ब) क्रोधित होना (स) दुखी होना (द) बहुत कष्ट होना

(7) निर्देशानुसार वाक्य शुद्ध करे-

धर्म का मानव मन पर प्रभाव पड़ता है ।('प्रभावित' शब्द का सही प्रयोग)

(अ) मानव धर्म से प्रभावित होता है ।

(ब) मानव मन धर्म को प्रभावित करता है ।

(स) धर्म से मानव मन प्रभावित होता है ।

(द) धर्म मानव मन को प्रभावित करता है ।

(8) लिंग परिवर्तन बताएँ -
'स्वामी' लिग परिवर्तन-
(अ) स्वामित्व (ब) स्वामिनी (स) स्वामिन (द) स्वाभिमानी

(9) प्रत्यय तथा मूल शब्द का सही विकल्प चूनें - कृपालु.......
(अ) कृ + पालु (ब) कृपा + लु (स) कृपा + आलु (द) कृप + आलु

(10) अनेक शब्दो के स्थान पर एक शब्द लिखे
जो इस संसार का नहीं-
(अ) लौकिक (ब) अलौकिक (स) परलोक (द) अपरिमेय

## विभाग - 'ब'(20 Marks)

**प्रश्न.3 सही विकल्प चुने....** **(10)**

(1) हालदार साहब के चेहरे पर कौतुक, भरी मुस्कान क्यों फैल गई ।
(अ) नेताजी की मूर्ति देखकर (ब) पान वाले को देखकर
(स) नेताजी के चेहरे पर काले प्रेम के सचमुच के चश्मे को देखकर
(द) उपर्युक्त सभी

(2) कैप्टन को देखकर हालदार साहब आवाक् क्यों रह गए ?
(अ) कैप्टन का व्यक्तित्व आकर्षित करने वाला था ।
(ब) कैप्टन सचमुच का कैप्टन था ।
(स) कैप्टन बूढ़ा, मरियल तथा लंगड़ा आधमी था ।
(द) कैप्टन बहुत बहादुर था ।

(3) हालदार साहब क्या सुनकर मायूस हो गए थे ?
(अ) नेताजी की चश्मा विहीन मूर्ति देखकर
(ब) कैप्टन की मृत्यु का समाचार सुनकर
(स) लोगों में देशभक्ति की भावना की कमी देखकर
(द) अ और ब कारण सत्य है ।

(4) कहानीकार स्वयं प्रकाशजी का जन्म कब हुआ ?
(अ) सन् 1947 (ब) सन् 1948 (स) सन् 1949 (द) सन 1950

(5) निम्नलिखित में से कौन सी रचना स्वय प्रकाश जी की नहीं है ?
(अ) सूरज कब निकलेगा (ब) आएँगे अच्छे दिन

(स) आदमी जात का आदमी (द) चिता के फूल

(6) नगर-पालिका को मूर्ति बनानेने में देरी क्यों हो रही थी ?

(अ) उनके पास पैसा कम था ।

(ब) उनको अच्छे मूर्तिकार की जानकारी नही थी ।

(स) नगर-पिलिका में आपस में फूट थी ।

(द) वे उस पैसे को मिल बाँटकर खाना चाहते थे ।

(7) मोतीलाल जी ने नगर-पालिका के बोर्ड में क्या विश्वास दिलाया ।

(अ) मैं बहुत अच्छा मूर्तिकार हूँ ।

(ब) मुझसे अच्छी मूर्ति कोई नही बना सकता ।

(स) मैं नेताजी की मूर्ति एक माह में बना दूँगा ।

(द) मैं इस मूर्ति का काम कम लागत में कर दूँगा ।

(8) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में किस बात को उठाया गया है ।

(अ) विलुप्त होती देश-भक्ति की भावना (ब) बढ़ती महँगाई

(स) राजीनिति में बढ़ता भ्रष्टाचार (द) भ्रष्ट राजतंत्र

(9) हालदार साहब को पान वाले की क्या बात अच्छी नहीं लगी ?

captain ka majak udana (अ) नेताजी का मजाक उड़ाना (ब) तोंद हिलाकर हँसना

(स) बिना वजह बोलना (द) चश्मे वाले कैप्टन को पागल करना

(10) 'वाह ! भाई वाह क्या खूब ! क्या आईडिया है' यहाँ किस आइडिया की बात की जा रही है ।

(अ) कैप्टन की फोटो छपवाना (ब) मूर्ति का चश्मा बदलना

(स) मूर्ति के कपड़े बदलना (द) कैप्टन से माफी माँगना

## 'एकाँकी संचय'

**प्रश्न.4 सही विकल्प चुने......** (10)

(1) सब एक ही धातु के बने हैं - कथन का वक्ता तथा श्रोता कौन है ?

(अ) प्रमोद कमला से (ब) प्रमोर्ज दीवनलाल से

(स) कमला प्रमोद से (द) कमला - रमेश से

(2) 'मातृभूमि का मान' एकांकी के एकांकीकार का नाम है-

(अ) उपेन्द्रनथ 'अश्क'(ब) डो. रामकुमार वर्मा

(स) हरिकृष्ण प्रेमी (द) विष्णु प्रभाकर

(3) प्रत्येक राजपूत को अपनी ताकत पर नाज है किसने, किससे कहा -

(अ) राव हेमू ने अभयसिंह से (ब) वीरसिंह ने अभयसिंह से

(स) महाराणा लाखा ने वीरसिंह को (द) वीरसिंह ने साथियों से

(4) एकांकीकार के नाटक होते हैं-

(अ) धार्मिक, सामाजिक, पौराणिक

(ब) सामाजिक, ऐतिहासिक तथा पौराणिक

(स) राजनैतिक, ऐतिहासिक, सामाजिक

(द) सामाजिक, राजनैतिक, सांसारिक

(5) चितौड़ में बूँदी का एक नकली दुर्ग बनाया जाए महाराणा विध्वंस करके अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर लें -

(अ) अभयसिंह ने कहा (ब) चारणी ने कहा

(स) दरबारियों ने कहा (द) मंत्रियों ने कहा

(6) एकांकीकार का निधन कब हुआ ।

(अ) सन् 1974 (ब) सन् 1975

(स) सन् 1980 (द) सन् 1979

(7) मेवाड़ का सेनापति कौन है -

(अ) वीरसिंह (ब) चारणी

(स) अभयसिंह (द) राव हेमू

(8) सरदार, हम लोग महाराणा के नौकर हैं । क्या महाराणा के विरुद्ध तलवार उठाना हमारे लिए उचित है - किसने कहा है ।

(अ) पहला साथी (ब) दूसरा साथी

(स) तीसरा साथी (द) चौथा साथी

(9) हम सब राजपूत अग्नि के पुत्र हैं, हम सबके हृदय में एक ज्वाला जल रही है- किसने किससे कहा ?

(अ) महाराणा ने अभएसिंह से (ब) रावहेमू ने महाराजा से

(स) अभयसिंह ने साथियों से (द) साथियों ने वीरसिंह से

(10) एकांकीकार का जन्म किस प्रदेश में हुआ था ?

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) बिहार (स) मध्यप्रदेश (द) राजस्थान